परियोजना से तांबा सान्द्रों से तांबा धातु की निकासी, खेतड़ी कापर कम्पलेक्स भेजकर की जाती है ।

(ख) तांबा धातु के उत्पादन हेतु मध्य प्रदेश में यूनिट लगाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

मध्य प्रदेश के गांवों में पीने के पानी की व्यवस्था

2310. **श्री अजीत जोगी** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के ऐसे गांवों की संख्या कितनी है जहां पर शुद्ध और स्वास्थ्यकर पीने के पानी की सुविधा अभी तक भी उपलब्ध नहीं करायी गयी है ;

(ख) ऐसे गावों में पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं और इस प्रयोजन के लिए कितनी राशि आवंटित की गयी है;

(ग) शेष प्रत्येक गांव में कब तक पीने के पानी का कम से कम एक स्रोत उपलब्ध कराने के लिए व्यवस्था करने की संभावना है; और

(घ) देश में मध्य प्रदेश जैसे ऐसे कितने राज्य हैं जहां कोई गांवों में अभी भी पीने के पानी की सुविधा का अभाव है ?

कृषि मंत्रालय में ग्रामीण विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) : (क) 1 जुलाई, 1989 को मध्य प्रदेश में 351 "जल स्रोत रहित समस्याग्रस्त गाव" थे, जिन्हें अभी स्वच्छ पेयजल की सुविधायें उपलब्ध कराई जानी हैं ।

(ख) 1989-90 के दौरान राज्य क्षेत्र के न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अंतर्गत 31.31 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है और केन्द्रीय प्रायोजित त्वरित ग्रामीण जल सप्लाई कार्यक्रम के अंतर्गत 25.47 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है । राज्य सरकार को इन "जल स्रोत रहित समस्याग्रस्त गांवों" तथा आंशिक रूप से कवर किए गए गांवों के लिए स्वच्छ पेयजल की सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु व्यवस्था करने के लिए त्वरित ग्रामीण जल सप्लाई कार्यक्रम के आवंटन की पूरी राशि रिलीज कर दी गई है ।

(ग) इन सभी गांवों को 31 मार्च, 1990 तक स्वच्छ पेयजल सुविधायें उपलब्ध करा दी जायेंगी ।

(घ) देश में मध्य प्रदेश जैसे 20 अन्य राज्य/संघ शासित क्षेत्र हैं, जहां ऐसे कई जल-स्रोत रहित समस्याग्रस्त गांव हैं जहां अभी भी पेयजल की सुविधा का अभाव है ।

मध्य प्रदेश में बाढ़ और सूखे से हुई हानि

2311. **श्री अजीत जोगी** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में औसतन प्रत्येक वर्ष कितनी कृषि योग्य भूमि बाढ़ तथा सूखे से प्रभावित होती ;

(ख) इससे प्रतिवर्ष औसतन कितनी हानि होती है ; और

(ग) इस प्रकार की हानि से बचने के लिए सरकार ने क्या पहल की है और इस प्रयोजन के लिये कितनी वित्तीय सहायता दी जा रही है ?

कृषि मंत्री (श्री भजन लाल) : (क) और (ख) राज्य सरकार द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार मध्य प्रदेश में सूखे से

प्रभावित सस्यगत क्षेत्र और फसलों को हुई वार्षिक हानि इस प्रकार है :—

वर्ष	प्रभावित सस्यगत क्षेत्र (लाख हैक्टेयर में)	अतिरिक्त फसल की कीमत (करोड़ रु० में)
1986-87	52.86	300.56
1987-88	36.60	394.58
1988-89	9.27	171.89

राज्य सरकार ने सूचित किया है कि पिछले दो वर्षों के दौरान बाढ से कोई महत्वपूर्ण हानि नहीं हुई है।

(ग) राज्य सरकार ने सूखे के प्रभाव को न्यूनतम करने के लिये सिंचाई और जल संरक्षण निर्माण कार्यों को उच्च प्राथमिकता दी है। पिछले तीन वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश के लिए सूखा राहत निर्माण कार्यों के लिए स्वीकृत की गई अधिकतम केन्द्रीय सहायता इस प्रकार है :—

	(करोड़ रुपये में)
1986-87	22.70
1987-88	81.06
1988-89	40.21

Telecast of TV Serial 'Bible'

2312. SHRI KAPIL VERMA:
SHRIMATI VEENA VERMA:
SHRI SHEO KUMAR MISHRA:

Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to refer to reply to Unstarred Question 434 given in the Rajya Sabha on the 21st July 1989 and state:

(a) what are the plans regarding telecast of TV serial 'Bible' after the conclusion of the popular serials 'Ramayana' and Mahabharat'; and

(b) whether Government propose to entrust the work of production of TV Serial 'Bible' to a Kerala Production firm, if so, the details of the project, its cost, number of episodes etc?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (PROF. K. K. TEWARY): (a) and (b) M/s. Navodaya of Cochin sent a proposal for production of a TV serial of 39 episodes based n Biblical stories in Hindi. The proposal has been approved in principle for telecast in the national network. It is envisaged to produce this serial under the sponsorship scheme to be reopened shortly. Under this scheme Doordarshan would not be required to finance the production.

A decision about scheduling of this serial can be taken only after the producers have submitted a 'pilot' programme and the same has been approved by the Screening Committee.

Special Programme for Indians in South Africa by Official South African Broadcasting Corporation

2313. SHRI KAPIL VERMA:
SHRIMATI VEENA VERMA:
SHRI SHEO KUMAR MISHRA:

Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether Government are aware of the fact that the official South African Broadcasting Corporation is